# जैवविविधता बढ़ाने 286 तालाबों को संवारेंगे

## वेटलैण्ड के रूप में विकसित होंगे जलाशय, रामसर साइट की तर्ज पर जैव विविधता के लिए विकसित करेंगे

**विलुप्त और अस्तित्व खो रहे जलाशयों को करेंगे संरक्षित**

**गूगल मैपिंग के साथ ही एप्प पर इनका चिन्हांकन**



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 12 सितंबर, का. सदियों से करीब 65 प्रतिशत भाग पर सूखेग्रस्त का दंश झेलने वाले राजगढ़ जिले में जैवविविधता का काफी अभाव रहा है. यहां के हरित क्षेत्रों जैसे नरसिंहगढ़ आदि स्थानों को छोड दें तो राजगढ़, खिलचीपुर और जीरापुर का ईलाका पथरीला होने के कारण जलअभाव ग्रस्त रहा है.**
इसी के कारण यहां पर्यारण पनप नहीं पाया. छोटे छोटे तालाब बनें लेकिन वे वर्षाकाल के कुछ महीनों में ही दम तोड़ गए और विलुप्त हो गए. लेकिन अब ऐसे विलुप्त और अस्तित्व खो रहे जलाशयों को जैव विविधता संवर्धन के केन्द्रों के रूप में विकसित और संरक्षित किया जाएगा. इन्हें अतिक्रमण और अन्य कारकों से मुक्त कराते हुए पुनर्जीवित किया जाएगा. जिससे यहां जैव विविधता का संरक्षण हो सके.
इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के मुताबिक 286 जलाशयों को रामसर साईट यानी जैव विविधता स्थल के रूप में विकसित किया जाना है. सभी ब्लॉक में इस तरह के स्थलों का चयन किया जा चुका है और उनकी बकायदा एप्प पर मैपिंग की जा रही है. गूगल मैपिंग के साथ ही एप्प पर इनका चिन्हांकन यानी डीमार्केशन किया जाना है. मामले को लेकर फरवरी में पत्र भी कलेक्टर कार्यालय की ओर से जारी किया जा चुका है.

रामसर साइट एक अंतराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि होती है, जिसे रामसर कन्वेंशन के तहत संरक्षित किया जाता है. यह कन्वेंशन ईरान के रामसर शहर में 1971 में आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए हुई एक अंतराष्ट्रीय संधि थी. इन आर्द्रभूमियों को उनके विशिष्ट पारिस्थितिक महत्व, जैसे जलपक्षी आवास या जैव विविधता को बनाए रखने के लिए चुना जाता है, और उनके स्थायी उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है. ये कमजोर या संकटग्रस्त प्रजातियों को सहारा देती हैं.

## किसान न्याय यात्रा में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**हरदा.** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को उज्जैन में किसान न्याय यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ का आयोजन रखा गया था। उक्त जानकारी देते हुए हरदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने बताया कि आयोजन में किसान नेता सचिन पायलट प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अजय सिंह राहुल भैया सहित तमाम बड़े नेता मौजूद रहे सभी नेताओं ने प्रदेश सरकार को किसान विरोधी बताया भाजपा किसानों का शोषण कर रही है। किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है अधिक वर्षा से फसलें खराब हो चुकी है सरकार किसानों की मक्का एवं सोयाबीन की उपज को समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू करे.



# समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे वार्डवासी

**भाजपा महिला पार्षद के नेतृत्व में हितग्राही बैठे 8 घंटे धरने पर**

**भाजपा जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर धरना समाप्त**

**नवभारत न्यूज**
**सागर 12 सितंबर. शहर के सूबेदार वार्ड की समस्याओं को लेकर भाजपा की महिला पार्षद रुबी पटेल के नेतृत्व में वार्डवासियों ने आज गोलाकुआं चौराहे पर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए. 8 घंटे तक चले प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री से समस्याओं को लेकर चर्चा की जिसके बाद धरना समाप्त हुआ.**
मालूम हो कि निगम के पेंशन और अन्य पोर्टल तीन माह से बंद होने के कारण हितग्राही परेशान हो रहें हैं तो वहीं तीन माह पूर्व संपन्न हुए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सम्मेलन के हितग्राही चैक का इंतजार कर रहे हैं. निगम के जनप्रतिनिधियों की अंदरुनी गुटबाजी और अधिकारियों की हठधर्मिता के शिकार आम आदमी हो रहे हैं. पार्षद पटेल के अनुसार वार्ड में सड़क निर्माण को लेकर एक नहीं अनेकों आवेदन दिए गए मगर निगम के अधिकारी राशि स्वीकृत नहीं कर रहे हैं. प्रमं आवास के तहत दूसरी और तीसरी किश्त के इंतजार में मकान की छत नहीं ढल पा रही है. सूबेदार वार्ड स्थित भरखा में संचालित प्राथमिक कन्या शाला के जर्जर भवन में 39 बच्चे अध्ययनरत हैं मगर भवन निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. तो वहीं सूबेदार वार्ड स्थित ही नाले की दीवार क्षतिग्रस्त हो जाने से आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं.

**नेता प्रतिपक्ष ने की सम्मेलन बुलाने की मांग**

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने एक दिन पूर्व ही निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपकर निगम सम्मेलन बुलाने की मांग की थी . श्री यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद शिवशंकर यादव, रोशनी खान, ताहिर खान, रिचा सिंह, अशोक साहू, नीलोफर अंसारी, शशि जाटव ने निगम सीमा में लगे अवैध होर्डिंग्स हटाने की मांग की थी .

# बागरूल की पुलिया के पास हाईवे पर हुए गड्ढे

## वाहन चालक तेज रोशनी में गड्ढे में गिरकर हो रहे दुर्घटना के शिकार



**नव भारत न्यूज**
**हण्डिया 12 सितम्बर। इन्दौर बैतूल,नागपुर नेशनल हाईवे फोरलेन मार्ग पर जहाँ एक ओर केन्द्र सरकार करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है। वही दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी हण्डिया के पास बनाये गए फोरलेन मार्ग और पुलिया के निकट सर्विस मार्ग पिछले कई महिनों से क्षतिग्रस्त पडा हुआ है। जिससे आये दिन बाइक सवार गडढे में गिरकर हो रहें हैं हादसों के शिकार।**
बागरूल ग्राम के ग्रामीण रूपेश ने बताया है कि पिछले दो महीने से भी अधिक समय से ग्राम की पुलिया के ऊपर व नीचे का सर्विस मार्ग दयनीय हालत में पडा हुआ है। मगर इस तरफ ना तो हाइवे के लोग इस मार्ग का मरम्मत कार्य कर रहे है।
रात्रि में तो बड़े वाहनों की तेज रोशनी में दो पहिया वाहन के चालक तेज रोशनी में गडढे में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहें हैं। हण्डिया के पास तो इन जिम्मेदार लोगों ने सर्विस मार्ग का निर्माण कार्य ही नही कराया गया जिससे इसका खामियाजा ग्राम के ही लोगों को मुकदमा पड रहा है।

## खेत में धान लगी, पोर्टल पर चढ़ा दिया गन्ना

**बैतूल।** सरकार जहां एक ओर किसानों को डिजिटल सुविधा देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर किसानों से पोर्टल पर फसल चढ़वाने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। ताजा मामला सामने आया है ग्राम कुम्हारटेक का, जहां एक किसान की मेहनत को नजरअंदाज कर गलत फसल दर्ज की गई और पैसे की मांग की गई। पंकज राठौर ने बताया कि गिरदावरी के लिए पटवारी द्वारा जो लड़के रखे गए हैं, वे किसानों से फसल दर्ज कराने के बदले रुपए मांग रहे हैं। जिन किसानों ने रुपए दिए, उनके खेतों में धान न होने के बावजूद पोर्टल पर धान की फसल दर्ज की गई, जबकि उन्होंने अपने खेत में धान बोई है फिर भी पोर्टल पर गन्ने की फसल दर्ज कर दी गई।



# मुकुल को मिली एलएलएम की उपाधि

**नवभारत न्यूज**
**शमशाबाद , देश का सर्वोच्च प्रथम स्थान प्राप्त कियें राष्ट्रीय विधि स्कूल ऑफ इंडिया विश्वविधालय बैगलोर से शमशाबाद के मनोज धीरन के पुत्र पत्रकार मुकुल धीरन को एलएलएम विषय मास्टर ऑफ लॉ. की उपाधि सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा के द्वारा प्रदान की गई.**
इस अवसर पर राजसभा सासद एंव कर्नाटक न्यायालय के न्यायधीश एवं देश के कई न्यायलय के न्यायाधीश एंव शिक्षाविद उपस्थित थे.ज्ञातव्य है कि मुकुल धीरन ने क्लेट के माध्यम से एलएलवी राष्ट्रीय विधि संस्थान विशाखापट्टनम से की गयी. इसी के साथ पी.जी. क्लेंट माध्यम से एल.एल. एम. हेतु बैगलोर से की.

## शिविर में सौ मरीजों का नेत्र परीक्षण

**ब्यावरा 12 सितंबर, का.** शुक्रवार को जगात चौक में स्थित आर्य समाज मंदिर में नि:शुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया जिसमें 100 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया. जीव सेवा संस्था बसन और जिला दृष्टिहीनता निवारण समिति व लायंस क्लब ब्यावरा तथा खुशियों के ओटला एवं वार्ड पार्षद ज्ञानु विजयवर्गीय के सहयोग से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा शिविर रखा गया. नेत्र से संबंधित 100 मरीजों की चिकित्सक द्वारा जांच की गई. इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, व्यापारी महासंघ जिला अध्यक्ष संपत्त मोदानी, मोहन पंवार, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, गोपाल अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# रोजगार मेले में 147 युवाओं का हुआ चयन

**बैतूल। मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 12 सितम्बर को नपा ऑडिटोरियम, चिचोली में आयोजित किया गया।**

**अभ्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण**

**2 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किया**




जिला रोजगार कार्यालय बैतूल, आईटीआई बैतूल एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल द्वारा आयोजित इस मेले में कुल 218 आवेदकों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 14 कंपनियों द्वारा 147 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन कर उन्हें लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा बाई सज्जन सिंह उइके, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा रितेश मालवीय, उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा संजय आवलेकर सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। इसके साथ ही मेले में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 218 आवेदकों को कैरियर काउंसलिंग दी गई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 2 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदाय किया गया।

## पूर्व मंत्री ने की जांच की मांग

**सागर.** शासकीय अस्पताओं में पैथोलॉजी जांच की अनुबंधित एजेंसी द्वारा गंभीर अनियमित्ताएं वरती जाकर की जा रहीं धोखाधड़ी और किये जा रहें भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर तय समय सीमा में कठोर कार्यवाही करने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल, संभागायुक्त अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी.आर को पत्र लिखा है. पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने पत्र में कहा हैं कि जिले में पैथोलॉजी लेब की जांच हेतु साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भोपाल को अनुबंधित किया गया हैं. उक्त अनुबंधित एजेंसी द्वारा फर्जी जांच के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया है.

# खेत में करंट लगने से युवक की मौत

## जिला अस्पताल परिसर में बनी रही हंगामे की स्थिति



**नवभारत न्यूज**
**गुना 12 सित. का। शहर के जिले के कैंट क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां 24 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक का शव शुक्रवार को खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और घटना की जांच शुरू कर दी है।**
जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान समीर पारदी पुत्र जगदीश पारदी निवासी बीला खेड़ी (धरनावदा) के रूप में हुई है, जो फिलहाल सिंगवासा में रह रहा था। गुरुवार की देर रात समीर कुछ साथियों के साथ पटेल नगर क्षेत्र के पीछे बने खेतों की ओर गया था। इस दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।
परिजनों के अनुसार हादसे के वक्त समीर के साथ उसके कई साथी मौजूद थे। लेकिन घटना घटते ही वे सभी उसे मौके पर छोडकर फरार हो गए। शव की तलाशी के दौरान पुलिस को मृतक के पास से दो मोबाइल मिले हैं। इनमें से एक मोबाइल उसका खुद का है जबकि दूसरा उसके साथी का बताया जा रहा है। पुलिस अब मोबाइलों की कॉल डिटेल खंगाल रही है ताकि उसके साथियों की गतिविधियों और घटना के पीछे की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

### एक नजर में




## स्वास्थ्य शिविर में 130 लोगों ने कराई नि :शुल्क जांच

**बुधनी.** ट्राइडेंट ग्रुप की सीएसआर इकाई ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के अंतर्गत हैल्थ ऑन व्हील मोबाईल एंबुलेंस परियोजना की शुरुआत मधुबन अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम बगवाड़ा में चेयरमैन राजिंद्र गुप्ता, इकाई प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. स्वास्थ्य शिविर में 130 लोगों की जांच की गई. वहीं लोगों स्वास्थ्य ओर परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया. गंभीर मामलों के लिए रेफरल व मोबाईल एंबुलेंस उपलब्ध रही. इस अवसर पर अरविंद गिरी, सुवेश तिवारी, डॉ.दीपिका राजपूत, शिशुपाल सिंह, मोनू ठाकुर, प्रधानाचार्य, अध्यापक, वॉलिंटियर, सीएचओ, एएनएम, आशा आदि मौजूद थे.

## शायर असलम को स्व. सिराजुद्दीन स्मृति सम्मान

**गुना।** शहर के प्रख्यात शायर असलम राशिद को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए एक और बड़ी पहचान मिलने जा रही है। बुलंदशहर की 35 वर्ष पुरानी संस्था शुभम साहित्य, कला एवं संस्कृति संस्थान ने वर्ष 2025 के स्व. डॉ. सिराजुद्दीन कुरेशी स्मृति ग?ल गौरव सम्मान हेतु असलम राशिद का चयन किया है। यह सम्मान उन्हें हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को परशुराम भवन, बुलंदशहर में प्रदान किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष देवकीनंदन शर्मा ने पत्र द्वारा इसकी औपचारिक सूचना दी। असलम राशिद पिछले 26 वर्षों से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर काव्यपाठ कर रहे हैं। वे न केवल अपनी ग?लों और शेरो-शायरी के जरिए श्रोताओं को प्रभावित करते हैं, बल्कि साहित्य और कला के प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी संस्था कारवां-ए-गज़ल देशभर में साहित्यिक आयोजन कर रही है।

## पीएमश्री कन्या शाला में मनाया उमंग दिवस

**मुलताई।** नगर के पीएम श्री कन्या स्कूल में शुक्रवार को उमंग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक,शिक्षिकाएं पीटीए अध्यक्ष, पीटीए प्रभारी प्रदीप रगड़े उपस्थित थे। उमंग दिवस के अवसर पर प्रभारी निशा हजारे ने उत्साहवर्धक उद्बोधन तथा उमंग गतिविधियों की विस्तृत दी गई। मैं जीतती इसलिए हूँ क्योंकि मैं हार नहीं मानती द्वारा श्री रविन्द्र नानोट द्वारा छात्राओं की प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त कक्षा 9 वी से 12 वी के प्रत्येक कक्षा से 1-1 छात्रा की हेल्थ एवं वेलनेस मैसेंजर की नियुक्ति की गई व अन्य गतिविधियों का संचालन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि बाथरे ने किया।

# मरघट के रास्ते पर दबंगों का कब्जा

**अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार की शिकायत**

**सीसी सड़क के लिए पैसा भी है लेकिन नपती न होने नहीं बनी सड़क**

**नवभारत न्यूज.**
**नटेरन 12 सितम्बर, तहसील मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पंचायत रिनियां के ग्रामीण लंबे समय से मुक्तिधाम तक के तिक्रमण से मुक्त कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है.**
ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने तहसीलदार से लेकर कलेक्टर तक कई बार आवेदन दिए हैं, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है.ग्रामवासियों के मुताबिक, जब भी गांव में किसी दिवंगत व्यक्ति का अंतिम संस्कार करना होता है, तो मुक्तिधाम तक शव ले जाना मुश्किल हो जाता है.



**रास्ता खुलवाकर व्यवस्था करवाई ज ाएगी : तहसीलदार आनंद**

ग्रामवासी सुरेश शर्मा ने बताया, हमारे गांव में सरकारी ज़मीन पर दबंगों के कब्ज़े से ग्रामीणों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है. मुक्तिधाम के चारों तरफ कीचड़, फेंसिंग और फसलों के कारण अंतिम संस्कार के लिए भी रास्ता नहीं बचा है. इस मामले में तहसीलदार आनंद जैन ने कहा कि उन्हें अभी जानकारी मिली है. पटवारी को आदेशित किया है, यदि श्मशान घाट तक पहुँचने का रास्ता बंद है तो जल्द ही खुलवाकर व्यवस्था करवाई जाएगी.

## सिरसी में भाई-भाभी ने किया हमले का प्रयास

**गुना।** जिले के सिरसी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक दिनदहाड़े पति-पत्नी पर हमला करने का मामला सामने आया है। फरियादी दिनेश पुत्र दलसिंह पटेलिया (38) निवासी ग्राम नयागांव ने अपनी पत्नी गीता बाई के साथ थाना पहुंचकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार, दिनेश सुबह करीब 10 बजे अपनी दुकान के बाहर बैठे थे, तभी उनके बड़े भाई रमेश और उसकी पत्नी राधीबाई दुकान के सामने पहुंचे। पुरानी रंजिश के चलते रमेश ने दिनेश को गालियाँ देना शुरू कर दिया। जब दिनेश ने गाली देने से मना किया, तो रमेश ने अपने हाथ में लिए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में दिनेश को पीठ और दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं।



# जातिगत अपमान का आरोप

## वाल्मिकी समाज ने कोतवाली में सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**गुना। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को लेकर शुक्रवार को वाल्मिकी समाज के लोगों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी सीपीएस चौहान को ज्ञापन सौंपा।**
समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि सागर निवासी मनोज पटैल मुकद्दम, उनकी पत्नी राजकुमारी पटैल, पुत्र अंश पटैल और अन्य सहयोगियों ने मिलकर फेसबुक पर ऐसा वीडियो अपलोड किया है, जिसमें वाल्मिकी समाज की उपजाति 'भंगी' शब्द का उपयोग कर सार्वजनिक रूप से उनका जातिगत अपमान किया गया है।

# राघौगढ़ में उधारी विवाद बढ़ा

## सोना-चांदी के लिए थाने पहुंचा फरियादी

**नवभारत न्यूज**
**गुना। जिले के राघौगढ़ में चार साल पहले हुई निजी उधारी अब ब्याज के दंश में बदलकर गंभीर विवाद का रूप ले चुकी है। फरियादी राकेश रोशन ( 38 ) ने अपने पिता रामेश्वर सोनी के साथ राघौगढ़ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने वर्ष 2021 में विनोद पुत्र जय नारायण साहू से 8 लाख रुपये तीन प्रतिशत ब्याज दर पर उधार लिए थे।**
फरियादी ने बताया कि उधारी के दौरान उसने अपने और अपने परिवार के चार ब्लैंक चेक दिए थे। इसके अलावा नगद भुगतान और 80 ग्राम सोना तथा दो किलो चांदी अमानत के तौर पर दी गई। लेकिन समय के साथ विनोद साहू ने ब्याज पर ब्याज जोड़ते हुए अब कुल 15 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। राकेश ने कहा कि यह लगातार बढ़ता ब्याज उनका जीवन दूभर कर रहा है। फरियादी ने आरोप लगाया कि विनोद साहू आए दिन दुकान, घर और बाजार में मिलकर गालियाँ देता है और जान से मारने की धमकी देता है। 24 अगस्त को उसने ब्याज की राशि चुका दी थी, लेकिन बावजूद इसके विनोद साहू ने गालियाँ दी और धमकाया कि यदि पैसे नहीं दिए तो वाहन ले जाएगा और जान से मार देगा। राकेश ने थाने में अपने भुगतान के दस्तावेज और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की पावती पेश की।

**निर्देश** | **मरीजों को सीढ़ियों पर बैठा देख व्यथित हुए विधायक**

# अस्पताल में मरीजों को मिली बड़ी राहत, बनेगा वेटिंग रूम

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 12 सितंबर. ईलाज के लिए बाहर बैठकर प्रतीक्षा कर रहे मरीजों की तकलीफों को देखकर विधायक सुदेश राय काफी दुखी हो गए. तत्काल विधायक श्री राय ने मरीजों के लिए अस्पताल परिसर में सर्वसुविधा युक्त वैटिंग रूप निर्माण कराने के लिए स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए. विधायक राय के अचानक अस्पताल पहुंचने से डॉक्टर नर्स सहित अन्य कर्मचारी सकते में आ गए थे.**



शुक्रवार को अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण करने विधायक सुदेश राय अचानक अस्पताल पहुंच गए. उन्होंने मेडिकल कार्य के लिए उपयोगी निर्माणाधीन बिल्डिंग को देखा और संबंधित इंजीनियर एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए. जिसके बाद डॉक्टर भी अपने केबिनों से निकलकर नीचे आ गए. विधायक राय के अस्पताल पहुंचने की जानकारी लगते ही कुछ भाजपा कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए.

विधायक राय घूमते हुए अस्पताल के बाहर ओपीडी के बाहर लाईन में लगे और सीढ़ियों और पत्थरों की कुर्सियों सहित अस्पताल में जहां-तहां बैठकर विभिन्न कारणों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे मरीजों से विधायक राय ने चर्चा की उनका हालचाल जाना. इस दौरान कुछ मरीजों ने विधायक राय को अस्पताल के बाहर छाया नहीं होने, बैठने की सही जगह नहीं होने जैसी परेशानियां बताई. विधायक श्री राय ने अस्पताल प्रबंधन को शीघ्र सारी कमियां दूर करने व मरीजों को पर्याप्त सुविधा देने के स्पष्ट निर्देश दिए.